# शहर हुआ शिवमय, भूतेश्वर महादेव की शाही सवारी निकली

## हजारों श्रद्धालुओं ने हाथों से खींचा रथ को, शहर के शिवालयों में हुए विभिन्न आयोजन





**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. सावन के अंतिम सोमवार को शहर शिवमय नजर आया. शहर के शिवालयों में विभिन्न आयोजन किए गए. कई स्थानों से भोलेनाथ की शाही सवारी निकाली गई. वहीं मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार किया गया.**

पंचकुइया मोक्ष धाम स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी ने सावन के अंतिम सोमवार को समूचे पश्चिम क्षेत्र को भगवान भूत भावन की भक्ति से सराबोर बनाए रखा. पूरा क्षेत्र इस शाही सवारी के कारण शिवमय बना रहा. दूल्हे के रूप में सजे धजे भूतेश्वर महादेव जब शाही रथ और 5 क्विंटल फूलों से सजी पालकी में विराजित हो कर अपने भक्तों कोदर्शन देने निकले तो सैकड़ों श्रद्धालु भूत, पिशाच, चुड़ैल और ओघड़ के स्वरूप में साथ हो गए . यात्रा पंचकुइया स्थित मंदिर प्रांगण से जैसे ही प्रारंभ हुई, समूचा काफिला हर हर महादेव और भगवान भूतेश्वर के जयघोष से गूंज उठा.

भूतेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पं. श्री हरीशानंद तिवारी एवं आचार्य पं. यतीन्द्र तिवारी ने बताया कि भगवान भूतभावन भोलेनाथ इस यात्रा में दूल्हे के रूप में करीब पांच क्विंटल सुगंधित फूलों से सुसज्जित रथ और पालकी में विराजित होकर अपने भक्तों का कुशलक्षेम जानने और दर्शन देने निकलें. इस दौरान समूचे यात्रा मार्ग में 200 से अधिक स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा होती रही. यात्रा में भगवान भूतेश्वर महादेव सुसज्जित पालकी में शोभायमान होकर अंतिम चौराहा से बड़ा गणपति, टोरी कार्नर, गौराकुंड, खजूरी बाजार होते हुए राजबाड़ा, यशवंत रोड से जवाहर मार्ग ,नरसिंह बाजार, मालगंज, राजमोहल्ला चौराहा से अंतिम चौराहा होते हुए पुन: मंदिर पहुंचे. इस रथ को मंदिर के सेवादार एवं सैकड़ों श्रद्धालु अपने हाथों से खींचते हुए चले. पूर्व विधायक आकाश विजय वर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला एवं अनेक पार्षदों सहित शहर के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु एवं विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी यात्रा में शामिल हुए.

## गीता भवन में हुआ रुद्राभिषेक

श्रावण के अंतिम सोमवार को गीता भवन में आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री सहित पांच विद्वानों के निर्देशन में सुबह बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया गया. गीता भवन पर प्रतिदिन सावन माह में सुबह 7 .50 बजे से 9 बजे तक शिव स्तुति पाठ एवं 9 बजे पश्चात रुद्राभिषेक का अनुष्ठान जारी है। गीता भवन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, दिनेश मित्तल, प्रेमचंद गोयल , महेश चंद्र शास्त्री, हरीश माहेश्वरी आदि ने अनुष्ठान में भाग लिया. गीता भवन में चल रहे चातुर्मास में 30 अगस्त तक



वृंदावन के स्वामी विश्वात्मानंद महाराज प्रतिदिन सुबह 9 से 10 तथा शाम 5 .30 से 6 .30 बजे तक दैनिक जीवन के लिए उपयोगी विषयों पर प्रवचन करेंग.

## हंसदास मठ परअर्धनारीश्वर के रूप में श्रृंगार

एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावण मास के उपलक्ष्य 108 विद्वानों द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य एवं महामडलेश्वर श्रीमहंत पवनदास महाराज के मार्गदर्शन में ओम नम : भगवतै वासुदेवाय तथा महामृत्युंजय महामंत्र के जाप्यानुष्ठान का आयोजन जारी है. सोमवार सुबह एवं शाम को भगवान पद्मनाभ का विष्णु सहस्त्रनाम, श्रीसूक्त एवं पुरुष सूक्त से अभिषेक किया गया . महंत पं . पवनदास महाराज ने बताया कि अन्य विद्वान भी जाप्यानुष्ठान में शामिल हुए। सोमवार शाम हंसेश्वर महादेव का भांग, फूलों एवं पत्तियों से अर्धनारीश्वर के रूप में श्रृंगार किया गया.



## नीलकंठेश्वर महादेव का हरियाली से श्रृंगार

माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति के तत्वावधान में श्रावण के अंतिम सोमवार को मंदिर पर महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में सभी प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया . मंदिर स्थित संत लादूनाथ की प्रतिमा के साथ ही महाप्रचंड हनुमानजी एवं नीलकंठेश्वर महादेव का हरियाली से श्रृंगार किया गया। पुजारी योगेश सुईवाल ने बताया कि भक्त मंडल की ओर से रोहित सियोटा, विजय अग्रवाल, मयूर सूईवाल ने श्रृंगार में सहयोग दिया.



## विद्याधाम पर सांवरिया सेठ बने भोलेनाथ

श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के दौरान सोमवार शाम सवारियां सेठ की मनोहारी झांकी का निर्माण किया गया, जिसके दर्शन शाम 6 बजे से प्रारंभ हुए. आश्रम पर देश की समृद्धि और जन कल्याण के उद्देश्य से 21 विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों द्वारा विशेष आराधना की गई. आश्रम परिवार के पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, रमेश राठौर एवं डॉ. संजय पंडित ने बताया कि श्रावणी अनुष्ठान में प्रतिदिन संध्या को लक्ष्यार्चन आराधना एवं शिव महिम्न स्त्रोत के पाठ सहित भगवान शिवाशिव की आराधना के विभिन्न अनुष्ठान जारी हैं.



## रामेश्वर शिव मंदिर में सजा फूल बंगला

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को पारसी मोहल्ला स्थित तकरीबन 175 वर्ष पुराने रामेश्वर महादेव मंदिर में फूल बंगला सजाकर भगवान भोलेनाथ को विशेष रूप से खाटू श्याम बाबा के रूप में ओंकारेश्वर, महाकाल, एवं तिरुपति के भी दिव्य झांकी के साथ विराजमान किया गया. इस भव्य झाँकी के दर्शन के लिए क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु उमड़े और आराध्य देव के दर्शन का लाभ लिया. पिछले दो दिनों से मंदिर समिति के नीलेश रायकवार ,अलंकार रहकर रायकवार ,चुन्नू शर्मा एवं कपिल कनौजिया के निर्देशन में फूल बंगले की तैयारी की जा रही थी. आकर्षक रंगोली से बनाई गई भगवान की जातियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिससे दर्शनार्थी अभिभूत हो गए . मंदिर ट्रस्ट के श्रीरामनारायण अग्रवाल, रमेश हेरन है वो मुकेश कचोलिया ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर लगभग 175 वर्ष पुराना है और श्रद्धालुओं की आस्था का भी बड़ा केंद्र बना हुआ है.





## धरावरा धाम आश्रम से निकली मंशापूर्ण महादेव की राजसी सवारी

धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव महाराज के सानिध्य मे श्रावण के अंतिम सोमवार को मंशापूर्ण महादेव की राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई. सवारी की तैयारियां पिछले कई दिनों से आसपास के 20 गांवों के भक्तों द्वारा की जा रही थी. आश्रम प्रबंध समिति के डॉ. सुरेश चोपड़ा सुधीर अग्रवाल, सीताराम नरेडी ने बताया कि मंशापूर्ण महादेव की राजसी सवारी के इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए. सैकड़ों श्रद्धालु विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में भागीदार बने। बैंड-बाजे, ढोल-ताशे और लवाजमे सहित धरावरा धाम स्थित आश्रम और गंभीर नदी के तट से यह सवारी प्रारंभ होकर नाचते गाते भक्तों सहित विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन : मंदिर पहुंची जहां सैकड़ों ग्रामीण एवं शहरी भक्तों ने मंशापूर्ण महादेव का पूजन कर आरती में भाग लिया .अयोध्या की टीम द्वारा अखंड रामायण पाठङ्ग भक्त मंडल के रमेश मिश्रा, नानूराम चौधरी और प्रवीण मोहन चौधरी ने बताया कि आश्रम पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में अयोध्या के प्रख्यात रामायणी पं. अनुरागदास एवं उनकी टीम के 9 सदस्यों द्वारा श्रावण के पहले दिन से ही अखंड रामायण पाठ का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है.

## भोलेनाथ की शाही पालकी यात्रा निकली



सावन माह के अंतिम सोमवार को बाबा भोलेनाथ की शाही पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई. यह पावन यात्रा सैटेलाइट जंक्शन कॉलोनी में स्थित शिव वाटिका (विश्वेश्वर महादेव मंदिर) से प्रारंभ होकर राम मंदिर तक गई और पुन : शिव वाटिका लौटकर सम्पन्न हुई. यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण को शिवमय बना दिया. बाबा की पालकी को सुंदर फूलों से सजाया गया था राम मंदिर पहुँचने पर विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। राम मंदिर में पहुँचने के पश्चात् पालकी पुन: कॉलोनी मार्ग से शिव वाटिका पहुंची जहां पंडित शास्त्री जी द्वारा पूजा अर्चना और महाआरती कराई गई. इस भव्य आयोजन का संयोजन शिव वाटिका समिति द्वारा किया गया. समिति के अध्यक्ष शिवशंकर मिश्रा और महेश व्यास के नेतृत्व में सतीश साहू, दिलीप सिंह, सत्यवीर वर्मा, माधव राव जाधव, आनंदीलाल जायसवाल, संदीप नामदेव, महेंद्र जायसवाल, दीपक नामदेव, सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे. मनोज खन्ना ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को बाबा भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें बाबा क्षेत्र भ्रमण करते हैं.

## कांटाफोड़ मंदिर पर सोमनाथ की झांकी

इंदौर. नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर श्रावण के अंतिम सोमवार को कोलकाता से आए 21 कलाकारों द्वारा निर्मित स्वर्ण महल में विराजित भगवान सोमनाथ की मनोहारी झांकी के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब शाम से देर रात तक उमड़ता रहा. विधायक गोलू शुक्ला ने संध्या को आरती में शामिल कर झांकी का पूजन किया। देर रात तक इस मनोहारी झांकी को निहारने के लिए मंदिर पर भक्तों की कतारें लगी रही. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि कोलकाता से आए कलाकारों ने रात दिन मेहनत कर इस नयनाभिराम झांकी को पिछले 10 दिनों में बनाया हैं. स्वर्ण महल में विराजित भगवान सोमनाथ की यह कृति गुजरात में देवी अहिल्याबाई द्वारा स्थापित शिवलिंग के नजदीक नए मंदिर में समुद्र तट पर स्थापित है. संध्या को विधायक गोलू शुक्ला,पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पार्षद मृदुल अग्रवाल, मंदिर की भक्त मंडली के संदीप गोयल ,से परमानंद वालेचा ,हेमंत अग्रवाल,सुभाष बजरंग, प्रहलाद दादा अग्रवाल, विजय लाला, मनीष गर्ग, वरुण मंगल, सुशील प्रजापति आदि ने आरती में भाग लिया और भक्तों की अगवानी की। देर रात तक भक्तों की कतारें लगी रही.

### एक नजर में

## जिला न्यायाधीश ने बुजुर्गों संग मनाया मित्रता दिवस



इंदौर. मित्रता दिवस के अवसर पर एक ऐसा दुर्लभ दृश्य देखने को मिला, जिसने न्याय व्यवस्था की छवि को संवेदनशीलता से सराबोर कर दिया. देपालपुर के जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने इंदौर स्थित आशांजलि वृद्धा आश्रम' में पहुँचकर वहाँ रह रहे बुजुर्गों के साथ मित्रता दिवस मनाया. आमतौर पर कठोर कानून की चौखट पर निर्णय देने वाले न्यायाधीश जब बुजुर्गों को गले लगाकर मित्र कह रहे थे, तो वह क्षण किसी भावनात्मक दृश्य से कम नहीं था. वहाँ उपस्थित सभी वृद्धजन और स्टाफ इस आत्मीय व्यवहार से अचंभित भी थे और अभिभूत भी. आश्रम में लगभग 40 बुजुर्ग रहते हैं, जिनमें से कई सड़क पर बेसहारा हालत में मिले थे और अब चलने-फिरने में भी असमर्थ हैं. इस अवसर पर उन्होंने सभी वृद्धजनों को स्वल्पाहार कराया और आश्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया. उन्होंने विश्व आरोग्य सेवा संस्थान से जुड़े हुए समाजसेवी डॉ. इसहाक खान को प्रेरित करते हुए सेवा संस्थान के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद लोगों की सेवा को और विस्तार देने का अनुरोध किया. जिला न्यायाधीश श्री खान ने कहा सेवा हमारे व्यवहार और नीयत से तय होती है. समाज के हर वर्ग को ऐसे सेवा भावी प्रयासों से जुड़ना चाहिए.

## शरीर की तरह आत्मा को भी करना होगा रोग मुक्त

इंदौर .जिस तरह से शरीर को रोग मुक्त करने के लिए हम औषधी का सहारा लेते हैं डॉक्टर से सलाह लेकर ट्रीटमेंट किया जाता है इस तरह हमारी आत्मा की शुद्धि के लिए भी हमें प्रयास करना होगा. आत्मा को भी पापों से मुक्त करने के लिए हमें आध्यात्मिक ट्रीटमेंट बेहद आवश्यक है. नहीं तो कई जन्मों तक नरक भुगतना होगा. यह बात पोरवाल पैलेस जंगपुरा में चल रहे दिवाकर दरबार में रविवार को आयोजित सत्संग के दौरान महासती धर्म शेरनी धैर्य प्रभा जी महाराज साहब ने कही है. महासती धर्म शेरनी धैर्य प्रभा महाराज साहब ने परिवार के बच्चो को सन्देश दिया गया कि यदि उनका बचपन अच्छे संस्कारो से रहित रहेगा तो वे भविष्य मे सन्मार्ग की राह से भटक सकते है .आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए चातुर्मास प्रमुख मोहन जैन, संघ अध्यक्ष विनोद जैन व मंत्री कमल जैन ने बताया कि अभी भी समाज में कई श्रावक व श्राविकाओं की तपस्या चल रही है. आज घर्म सभा में बाबूलाल जैन, चौथमल जैन, लडडूलाल जैन. चातुर्मास संयोजक पारसमल जैन, राजेश जैन, संघ उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, तेजमल जैन. मुकेश जैन ( मामा ) आदि अनेक समाज जन घर्म सभा मै उपस्थित थे.

## भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक सम्पन्न



इंदौर. अहिल्याबाई होलकर परिसर कान्फ्रेंस हाल में भारत तिब्बत सहयोग मंच की बैठक संपन्न हुई. बैठक मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरिराज किशोर पोद्दार व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पन्नालाल बाफना की अध्यक्षता में हुई. मंच संचालन मध्य क्षेत्र संयोजक संजय शर्मा ने किया. ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष रिचा अग्रवाल ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पटका पहनाकर सम्मानित किया. इसी कड़ी में श्री गिरिराज ने भारत तिब्बत सहयोग मंच के उद्देश्य व मंच किस उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है उस पर विचार व्यक्त किए. श्री संजय ने तवांग यात्रा को लेकर विचार व्यक्त किए. रिचा अग्रवाल ने भी कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त कराने के अभियान व मंच से जोड़ने के लिए संकल्प लिया. इसी कड़ी में मंच ने मालवा प्रांत महिला विभाग की अध्यक्ष नीति दुबोलिया और मंत्री श्रीमती ऋचा अग्रवाल तथा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक आनंद गदरे और सह संयोजक डॉ अंजना जैन का मनोनयन किया. बैठक के समापन पर प्रांत मंत्री रिचा अग्रवाल महिला विभाग ने आभार माना.

## हरिदर्शन पदयात्रा की शुरूआत कल से



इन्दौर. श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं गोपाल सांवरिया गौ सेवा समिति की मेजबानी में 11 दिवसीय हरिदर्शन पदयात्रा महोत्सव की शुरूआत 6 अगस्त को सुबह 8 बजे बड़ागणपति मंदिर से महाआरती कर की जाएगी. बाल ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज, पंचकुईया पीठाधिश्वर रामगोपालदास महाराज के सान्निध्य में निकलने वाली हरि दर्शन शोभायात्रा में राजस्थान सहित अन्य शहरों के भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे. 11 दिवसीय इन्दौर से सांवरिया की इस शोभायात्रा का यह 16 वां वर्ष है. श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं शोभायात्रा आयोजक धनराज कुमावत एवं पं. कमलेश शर्मा ने बताया कि -11 दिवसीय श्री हरिदर्शन पदयात्रा एवं शोभायात्रा इस वर्ष भी उत्साह पूर्वक निकाली जाएगी. बड़ागणपति मंदिर पर विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में आरती कर शोभायात्रा की शुरूआत होगी. यात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां भी रहेगी जो मार्ग में सभी का ध्यानाकर्षण करेगी. राजस्थानी सुप्रसिद्ध बैंड पामणा का धमाका आकर्षण का केंद्र रहेगा. बड़ागणपति से मरीमाता तक शोभायात्रा के पश्चात 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन पदयात्रा की शुरूआत होगी. इन्दौर से सांवरियाजी की 360 किलोमीटर की इस पदयात्रा में 121 भक्त रवाना होंगे. जिसमें इन्दौर सहित राजस्थान के पदयात्री रहेंगे. सभी पदयात्री एक दिन में 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे. 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन शोभायात्रा एवं पदयात्रा में सभी 121 भक्त 15 अगस्त शाम को सांवरियाजी के दरबार पहुंचेंगे. 16 अगस्त को फ़रियाली वितरण व विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. वहीं 17 अगस्त को प्रात : 5 .15 बजे सांवरियाजी को छप्पन भोग लगाया जाएगा.

## सीनियर सिटीजन ने दोस्ती का जश्न मनाया



इंदौर .दोस्ती की कहाँ कोई उम्र होती है और दोस्ती कहाँ उम्र देखती है, यही भाव लेकर विश्व फ्रेंडशिप दिवस के अवसर पर आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर ने एक अनूठे आयोजन के माध्यम से यह दिखा दिया कि दोस्ती का रंग सबसे गहरा होता है. आनंदम द्वारा सेंचुरियन गेट टुगेदर नाम की एक विशेष सामूहिक यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा में शामिल हुए लगभग 129 वरिष्ठ नागरिकों ने उम्र की सीमाओं से परे जाकर दोस्ती, उल्लास और सांस्कृतिक सरोकारों का बेशकीमती जश्न मनाया. यह सजीव अनुभव इंदौर से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित रस लेक व्यू रिज़ॉर्ट में सम्पन्न हुआ. आनंदम सेंटर से तीन बसों में सवार होकर वरिष्ठजन रवाना हुए. रिज़ॉर्ट में पहुँचने के बाद शुरू हुआ गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला, जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत गीत, कविताएँ, जोक्स और नृत्य ने समाँ बाँध दिया. इस आयोजन की सफलता में आनंदम के उदार हृदया ट्रस्टी हरमिंदर सिंह भाटिया, गुरबीन कौर, आनंदम के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव एस बी खंडेलवाल, लाजपत चोपड़ा और अनिल भट्ट एवं अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.


**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, इंदौर संभाग क्रमांक-02, इंदौर, जी-13, प्रथम 'तल' एम.आई.जी. कॉलोनी एम.आई.जी. थाने के पीछे, इंदौर (म.प्र.)**

**मो. : 9425601512, E-mail : mpphidclindore2@gmail.com**

**निविदा आमंत्रण सूचना - 25/2025-26**

म.प्र.पु.आ. एवं अधो.वि.नि., इंदौर संभाग क्र.-02, इंदौर द्वारा जिला झाबुआ में सखी निवास (50 सीटर वर्किंग वुमन हॉस्टल) का निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.8.2025 तक** खरीदे जा सकते हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121406/2025 **परियोजना यंत्री**

**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**TENDER NOTICE NO. 46**

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for developing a meeting hall, concreting and guttering the road, asphalting the road, developing Chhatrapati Sambhaji Maharaj Park in various wards of Kolhapur City. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 07/08/2025 09.30 AM to 14/08/2025 at 3.30 PM. Prebid Meeting will be held on 08/08/2025 at 11.00 AM. Tender Opening Date 19/08/2025 at 4.00 pm. Date 04/08/2025

**Sd/-**
**City Engineer**
**Kolhapur Municipal Corporation**

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
**टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**
**बी.फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**
**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.08.2025 से 29.08.02025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.08.2025 से 31.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.08.2025 से 02.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 03.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 06.09.2025 से 11.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.09.2025 से 12.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 13.09.2025 से 14.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 06.09.2025 से 16.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 17.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 20.09.2025 से 24.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 23.09.2025 से 25.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 26.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 27.09.2025 से 28.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 30.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121399/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**